हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 31 दिसंबर 2025

04 स्मार्ट मीटर एवं मनमाने बिलों के विरोध में किया...



07 युवाओं व बुजुर्गों का एक मात्र आराम का सहारा...





## खबर संक्षेप

### आज आसरा अपनों का की टीम बांटेगी 500 लीटर केसर युक्त दूध

**विदिशा।** आसरा अपनों का की टीम द्वारा आज शाम को नीमताल पर 500 लीटर केसर दूध का वितरण किया जाएगा। पिछले 5 वर्षों से निरंतर इस पहल के जरिए आसरा अपनों का की टीम यह संदेश दे रही है कि नए साल की शुरुआत दारू नहीं बल्कि दूध से की जाए। इस आयोजन के माध्यम से न सिर्फ लोगों को पौष्टिक दूध प्राप्त होगा, बल्कि उन्हें एक सकारात्मक संदेश भी मिलेगा। नए साल की शुरुआत स्वस्थ और सकारात्मक तरीके से करने की सभी शहरवासियों को इस आयोजन में आमंत्रित किया जाता है, ताकि हम सब मिलकर नये साल की शुरुआत दूध के साथ मनाएं।

### दिल्ली में परेड के लिए दो कैडेट्स चयनित

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स सार्जेंट दामिनी विश्वकर्मा एवं लांस कॉरपोरल सिमरन अहिरवार का चयन दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। दोनों कैडेट्स 14 एमपी बटालियन एनसीसी विदिशा से चयनित हुई हैं। दामिनी विश्वकर्मा बीसीएसी तृतीय वर्ष की छात्रा हैं और दीवानगंज क्षेत्र के ग्राम अंबाड़ी की निवासी हैं, जबकि सिमरन अहिरवार बीए तृतीय वर्ष की छात्रा हैं और ग्राम नरखेड़ा ताल से संबंध रखती हैं। दोनों के पिता कृषक हैं। सिमरन पोस्ट मैट्रिक छात्रावास विदिशा में रहकर अध्ययन कर रही हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनीता प्रजापति ने बताया कि दोनों कैडेट्स ने दो माह तक कठोर चयन प्रक्रिया में भाग लेकर उपलब्धि हासिल की।

### योजनाओं से जुड़े व्यवसायों की मॉनिटरिंग के निर्देश

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वरोजगार एवं व्यवसाय प्रारंभ कर चुके हितग्राहियों के साथ सतत संपर्क बनाए रखा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी समय-समय पर हितग्राहियों से संवाद कर व्यवसाय की प्रगति की जानकारी लें, आवश्यक तकनीकी एवं वित्तीय मार्गदर्शन दें तथा किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही हितग्राहियों को शासन की अन्य सहायक योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं बाजार से जुड़ने के अवसरों की जानकारी भी प्रदान की जाए।

### सेऊ में रामलीला मंचन 1 जनवरी से होगा शुरू

**नटेरन।** ग्राम सेऊ में प्रतिवर्ष परंपरानुसार रामलीला का मंचन 1 जनवरी से शुरू होगा। लगभग 80 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के तहत श्रीरामलीला मेला 20 जनवरी तक चलेगा। कार्यक्रम का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जाएगा, जिसमें ग्रामवासी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। मेले में दुकानदारों व झूला संचालकों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।

### मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत जिले के पांच ग्राम चयनित

**विदिशा।** मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के अंतर्गत विदिशा जिले के पांच ग्रामों का चयन किया गया है। इनमें गूलरखेड़ी, गमाखर, भालबामोरा, मुरारिया एवं ग्राम पंचायत बिछिया शामिल हैं। चयनित ग्रामों में समग्र एवं सतत विकास के लिए 5 वर्षीय विजन डॉक्यूमेंट के अनुसार विस्तृत कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध क्रियान्वयन किया जाएगा। योजना के तहत अधोसंरचना विकास, स्वच्छता, हरित क्षेत्र, आजीविका संवर्धन तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को सशक्त किया जाएगा। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को लेकर हड़ताल की चेतावनी




**विदिशा।** वित्त मंत्रालय द्वारा बैंक कर्मियों के 13वें द्विपक्षीय समझौते में मानी गई पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था को अब तक लागू नहीं किए जाने के विरोध में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विदिशा में बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं के सामने संयुक्त रूप से प्रदर्शन व धरना दिया गया। प्रदर्शन में मनोज सोनी, टीपू सुल्तान, नितेश राजपूत, कम्प्यूटर सिंह, दीपक शर्मा, निश्चला शर्मा, लक्ष्मण गोस्वामी, खिलान मीणा, संतोष दीवान, केके तिवारी, पल्लवी वर्मा व शिखा अथानकर सहित लगभग 100 बैंककर्मचारियों ने भाग लिया।

## साल का अंतिम दिन आज



**विदिशा।** साल का अंतिम दिन आज, जगह- जगह होंगे आयोजन। नया साल आपके जीवन में इसी तरह से रंग भरे और सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

### दिन- रात में तापमान में 20 डिग्री का अंतर

**विदिशा।** शहर में लगातार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर-पूर्वी हवाओं के कारण दिन और रात के तापमान में भारी अंतर बना हुआ है। सुबह मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाया रहता है, जो 8 बजे के बाद धूप निकलने पर छट जाता है। तापमान में यह उतार-चढ़ाव जनजीवन पर असर डाल रहा है। पिछले कई दिनों से दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री सेल्सियस से अधिक का अंतर बना हुआ है। रातें अत्यधिक ठंडी रहती हैं, जबकि दिन में धूप निकलने से कुछ राहत मिलती है। लोग सुबह और शाम गलन महसूस कर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर के अनुसार हवा की दिशा उत्तर-पूर्व बनी हुई है, जिससे ठंडी हवाओं का असर बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि यह स्थिति एक सप्ताह तक बनी रह सकती है।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात व्यवस्थित करने निर्णय लिए

## ऑटो चालकों का डाटा किया जाएगा तैयार सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट कराने के निर्देश

**माधवगंज पर फिर से शुरू होगी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में एसपी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत 11 नवंबर को हुई पिछली बैठक के निर्णयों पर हुई कार्यवाही की समीक्षा से हुई। स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले ऑटो चालकों का डाटाबेस तैयार करने का लक्ष्य जनवरी के प्रथम सप्ताह तक निर्धारित किया गया। इसके अलावा हाईवे के टोल पर एक वर्ष में एम्बुलेंस सेवाओं की जानकारी एवं एनएचएआई और एमपीआरडीसी के टोल फ्री नंबरों 1033 एवं 1099 के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिद्धार्थ सिंघई ने बताया कि दो एंबुलेंस तैनात हैं। हर 50 किमी पर एक एंबुलेंस चाहिए। एसपी रोहित काशवानी ने सड़क पर बैठे पशुओं के कारण दुर्घटनाओं की चिंता व्यक्त करते हुए बारिश से पहले 10-15 किलोमीटर के दायरे में पशुओं के लिए छोटे-छोटे बाड़े बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुशओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में कोई जानकारी नहीं होती। साथ ही दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों में बड़े फ्लेक्स के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। मोडिफाइड साइलेंसर वाहनों की सघन जांच जनवरी के वित्तीय सप्ताह में कराने के निर्देश पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए। कांच मंदिर और रेलवे स्टेशन क्षेत्रों में रोजाना जांच की व्यवस्था की गई है।



**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए एसपी काशवानी।

### माधवगंज से हटाए जाएंगे सब्जी के ठेले

कांच मंदिर, रेलवे स्टेशन और माधवगंज चौराहे पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों की सघन चालानी कार्रवाई करने तथा अस्थायी सब्जी विक्रेताओं को पुनः शिफ्ट कराने के निर्देश नगरपालिका और यातायात प्रभारी को दिए गए। मिर्जापुर में सीमेंट का प्लेटफार्म बनाने एनएचएआई ने सहमति व्यक्त की है।

### अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्थित करने के निर्देश

राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे अतिक्रमण हटाने, टूलेन और फोर लेन कॉरिडोर में दीर्घकालिक अनुशासन सुनिश्चित कराने तथा आवारा पशुओं को हटाने की व्यवस्था पर चर्चा हुई। चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार कार्य निर्माण एजेंसियों द्वारा कराया जा रहा है। अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने रविंद्र भवन के सामने कम्बल बेंचने और ठेला लगाने वालों को मुख्य सड़कों से दूर कर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। ओवरब्रिज के नीचे ठेलों को शिफ्ट करने एवं जेमर लॉक लगाने की प्रक्रिया क्रियान्वित करने की बात कही गई। ओवरलोडिंग और भूसा वाहनों पर भी संबंधित एसडीएमों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समिति के सदस्य सचिव एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री सोमेश श्रीवास्तव, जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा, यातायात प्रभारी आशीष राय, एनएचएआई, एमपीआरडीसी के अधिकारी, शिक्षा विभाग और नगरपालिका के प्रतिनिधि बैठक में शामिल रहे। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि शहर में करीब एक हजार ऑटो चल रहे हैं।

### खरी मंडल में हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक हुई

**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लक्ष्मी नगर खंड के खरी मंडल में हिंदू सम्मेलन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में 11 जनवरी को ग्राम खरी में होने वाले सम्मेलन की तैयारियों पर से चर्चा की गई। भूमिपूजन 4 जनवरी को किया जाएगा। बैठक में 20 गांव से आए ग्रामीणों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिला प्रचारक विशाल सेन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सम्मेलन को सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

### हरिजन बस्ती में 50 वर्षों से बिजली संकट जारी

**खामखेड़ा।** विदिशा विकासखंड की ग्राम पंचायत शायर के माजरा रामपुर की पिछड़ा वर्ग की हरिजन बस्ती में करीब 50 वर्षों से बिजली का नामोनिशान नहीं है। यहां के लोग अंधेरे में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अनेक बार जनप्रतिनिधियों सहित जिला कलेक्टर से बिजली सुविधा की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जनसुनवाई में भी आवेदन दिए गए पर समस्या जस की तस बनी हुई है। बिजली न होने से यहां के निवासियों को दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अटल ज्योति योजना के तहत हर क्षेत्र में बिजली पहुंच चुकी है, लेकिन उनकी बस्ती अब भी शाम होते ही अंधेरे में डूब जाती है।

## स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद महिला की मौत परिजनों ने किया हंगामा

### लापरवाही का आरोप, हाईवे पर 2 घंटे प्रदर्शन



***प्रसव के कुछ समय बाद बिगड़ी हालत, रेफर के दौरान मौत, डॉक्टर व पुलिसकर्मी पर मारपीट के आरोप, आश्वासन पर जाम खुला।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

मंगलवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी में प्रसव के लिए भर्ती 23 वर्षीय महिला उमा बंजारा पत्नी राजकुमार बंजारा निवासी नादियापुरा की मौत के बाद तनावपूर्ण स्थिति बन गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और शाम को नेशनल हाईवे बीना-ब्यावरा पर चक्काजाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार उमा को सुबह करीब 8 बजे सीएचसी लटेरी में भर्ती कराया गया था। लगभग 30 मिनट बाद सुबह 8:30 बजे प्रसव हुआ, जिसमें जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ बताए जा रहे थे। बच्चा करीब तीन किलो वजन का था। परिजनों का आरोप है कि इसके कुछ समय बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन समय पर समुचित इलाज नहीं मिला, जिसके कारण उसकी जान चली गई।

महिला की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे पहले एक निजी क्लीनिक ले गए, जहां से 108 एंबुलेंस द्वारा विदिशा रेफर किया गया। विदिशा पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से आक्रोशित परिजन हाईवे पर एकत्र हो गए और चक्काजाम कर दिया।

### बीएमओ बोले: पल्स व बीपी कम हो गया था

लगभग दो घंटे तक चले जाम के बाद पुलिस-प्रशासन की समझाइश पर स्थिति सामान्य हुई। एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर ने बताया कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है, जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीएमओ लटेरी अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि प्रसव के बाद महिला का पल्स और बीपी कम होने लगा था, जिसके बाद उसे रेफर किया गया।

## कायाकल्प योजना के तहत डामरीकरण कार्यों का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**विदिशा।** कायाकल्प योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 31 लाख की लागत से डामरीकरण कराया जा रहा है। मंगलवार को नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता, उपयोग में लाई जा रही सामग्री और कार्य की प्रगति की समीक्षा की। नपा अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी डामरीकरण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुसार और तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास और मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए नगरपालिका प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।




निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी संवाद किया, जिन्होंने सड़क निर्माण कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

## ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र में सैकड़ों बीघा वन भूमि पर अवैध कटाई और खेती, जिम्मेदारों की चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र में वन संरक्षण के दावे खोखले नजर आ रहे हैं। वन विकास निगम के अंतर्गत आने वाले ग्राम सतपाड़ा कला, पिपरिया जमीदार, पैरवासा और रिछई क्षेत्र में सैकड़ों बीघा वनभूमि पर अवैध कटाई कर उसे खेती योग्य भूमि में तब्दील कर दिया गया है।

कंपाउंड नंबर 133, 134, 135 और 137 में सागौन, महुआ, शाज, धौ सहित अन्य बहुमूल्य वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की गई है। खेत एवं वन मजदूर यूनियन मप्र के अध्यक्ष कैलाश नारायण कुशवाह ने आरोप लगाया कि जिन पर जंगलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है वहीं वन माफियाओं के साथ मिलकर जंगल उजाड़ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार कटाई की गई लकड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंट भट्टों में पहुंचाई जा रही है। शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वन विकास निगम के रेंजर दिनेश सिंह परिहार ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



## गांजा तस्कर को 3 साल की सजा, 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गांजा तस्करी के एक मामले में विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार शर्मा ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा और 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह राठौर ने प्रभावी पैरवी की।

विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि 28 जून 2024 को थाना बासौदा शहर में पदस्थ उप निरीक्षक राधेश्याम यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक पिट्ठू बैग में गांजा लेकर रेलवे स्टेशन बासौदा फाटक की ओर से आ रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम विवेचना किट के साथ निजी वाहन से हरदूखेड़ी फाटक पहुंची। कुछ देर बाद रेलवे स्टेशन गंजबासौदा की ओर से रेलवे पटरी पर मुखबिर के हुलिए के अनुसार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम सौरव रघुवंशी पिता रणधीर रघुवंशी, उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड 2 नानाजी वाली गली बासौदा बताया। तलाशी लेने पर उसके काले रंग के बैग से 3 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

### विधायक और नपाध्यक्ष की मौजूदगी में मौके पर ही सुलझीं समस्याएं

## नपा के शिविरों में 450 आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नागरिकों की दैनिक समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया। जनसमस्या निवारण शिविरों के दौरान विधायक मुकेश टंडन एवं नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर स्थलों का निरीक्षण किया और आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक मुकेश टंडन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में संवेदनशीलता और तत्परता बरती जाए। उन्होंने शिविर में स्वयं अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराई और कहा कि इस प्रकार के शिविर आमजन और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करते हैं।

नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि नागरिक सुविधाओं का समयबद्ध समाधान नपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विधायक मुकेश टंडन का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि विधायक निधि से नगर में कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिनमें प्रमुख चौराहों का चौड़ीकरण, बैतवा नदी के पुलों पर प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न सड़कों का निर्माण शामिल है।

नपा द्वारा आयोजित शिविरों में पानी, सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, कर निर्धारण सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। रामलीला चौराह, पेढ़ी चौराह एवं रायपुरा में आयोजित शिविरों में कुल 450 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण नगरपालिका द्वारा किया गया।



**विदिशा।** शिविर में स्वास्थ्य का परीक्षण कराते हुए विधायक मुकेश टंडन।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1620
उच्चतम भाव-6051
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6780
चना
न्यूनतम भाव- 3976
उच्चतम भाव- 5450
मसूर
न्यूनतम भाव-4620
उच्चतम भाव-6155
ज्वार
न्यूनतम भाव-4520
उच्चतम भाव-6855
मक्का
न्यूनतम भाव-1426
उच्चतम भाव- 1641
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3202
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-3875
धनिया
न्यूनतम भाव-7080
उच्चतम भाव-9050
उड़द
न्यूनतम भाव-5720
उच्चतम भाव-6610
मटर
न्यूनतम भाव-2920
उच्चतम भाव-2920
गेंहू
न्यूनतम भाव-1617
उच्चतम भाव-3400

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 19785 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## गंगा सागर से लौटे तीर्थयात्रियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उस समय श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला, जब गंगा सागर तीर्थयात्रा से लौटे श्रद्धालुओं के जत्थे का भव्य स्वागत किया गया। लगभग 15 श्रद्धालुओं का यह जत्था कई दिनों की पावन यात्रा पूर्ण कर नगर पहुँचा, जहां परिजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने फूल, मालाओं और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि गंगा सागर की यात्रा उनके जीवन का एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव रही। संगम तट पर गंगा स्नान, पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों से उन्हें मानसिक शांति और आत्मिक संतोष प्राप्त हुआ। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने देश की सांस्कृतिक और धार्मिक एकता को भी नजदीक से महसूस किया। स्टेशन परिसर में स्वागत के दौरान "हर-हर गंगे" और "जय गंगा मैया" के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। स्वागतकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को मिठाई खिलाकर एवं पुष्पवर्षा कर और उन्हें पुष्पहार पहनाकर प्रसन्नता व्यक्त की।

श्रद्धालुओं के सकुशल लौटने पर उनके परिजनों ने ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी तीर्थयात्राएं न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करती हैं, बल्कि समाज में सद्भाव और संस्कारों को भी सुदृढ़ करती हैं। इस दौरान अनेक नागरिक मौजूद रहे।

## एसजीएस कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में छात्रों को दी रैगिंग संबंधी जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एन्टी रैगिंग अधिनियम 2009 एवं 2011 के जोखिम पर नियंत्रण संबंधी कानून यूजीसी संस्था में रैगिंग रोकने के लिये के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. बीके प्रजापति ने रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है। किसी भी प्रकार का अव्यवस्थित आचरण, चाहे वह मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा हो या किसी ऐसे कृत्य द्वारा जिसका प्रभाव किसी अन्य छात्र को चिढ़ाने, उसके साथ अशिष्ट व्यवहार करने या उसके साथ व्यवहार करने पर पड़ता हो, उपद्रवी या अनुशासनहीन गतिविधियों में लिप्त होना जो किसी नए या कनिष्ठ छात्र को कष्ट, कठिनाई या मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंचाता हो या पहुंचाना संभव हो या उसके कारण भय या आशंका उत्पन्न करता हो या छात्रों को किसी ऐसे कार्य को करने के लिए कहना जो ऐसा छात्र सामान्य रूप से नहीं करेगा और जिसका प्रभाव शर्म या शर्मिंदगी की भावना उत्पन्न करना या उत्पन्न करना हो जिससे नए या कनिष्ठ छात्र के शरीर या मानस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। किसी वरिष्ठ छात्र द्वारा किया गया कोई भी कार्य जो किसी अन्य छात्र या नए छात्र की नियमित शैक्षणिक गतिविधि को रोकता है, बाधित करता है या परेशान करता है। शारीरिक दुर्व्यवहार का कोई भी कार्य, जिसमें उसके सभी प्रकार शामिल हैं, जैसे यौन दुर्व्यवहार, समलैंगिक हमले, कपड़े उतारना, अश्लील और अशिष्ट कार्य, इशारे करना, जिससे शारीरिक नुकसान या स्वास्थ्य या व्यक्ति को कोई अन्य खतरा हो। रैगिंग करने वाले छात्रों पर कानून के तहत क्या-क्या नियम है कितनी सजा का प्रावधान है और 2 वर्ष का कारावास से दडित किया जा सकता है। रैगिंग एक क्राइम है आदि से संबंधित अन्य जानकारियां तथा अधिनियमों की जानकारी डॉ. दिलीप गुप्ता द्वारा दी गई। उक्त अपराधों से संबधित जैसे दण्डित करने, पुलिस स्टेशन एवं एन्टी रैगिंग सेल को शिकायतों की जानकारी छात्र दे सकते हैं। छात्र, छात्राओं की समस्याओं को महाविद्यालय में गठित सेल के द्वारा निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर डॉ. सुमनलता गुप्ता, सुधा पाठक, डॉ. मोनिता नेमा, डॉ. घनश्याम चौकसे, मनीष दुबे, डॉ. विकास, डॉ. आरडी जाटव, योगेश शिल्पकार सहित महाविद्यालय के 150 छात्र, छात्राओं ने उपस्थित होकर इस कार्यशाला में सहभागिता की। अंत में डॉ. बीके प्रजापति ने आभार व्यक्त किया।

### युवक कांग्रेस के नेतृत्व में परेशान उपभोक्ता हुए लामबंद

# स्मार्ट मीटर एवं मनमाने बिलों के विरोध में किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। विद्युत कंपनी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते नागरिक

नगर में स्मार्ट मीटर के ज़रिए एक साथ सैकड़ों घरों की बिजली काटे जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को युवा कांग्रेस ने विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाज़ी और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता अधिकारियों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते नज़र आए।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष का आरोप है कि विद्युत विभाग के अधिकारी गरीब उपभोक्ताओं से अभद्र भाषा में बात करते हैं और धमकी भरे रवैये के साथ पेश आते हैं। उनका कहना है कि ऐसे अधिकारी का नगर में बने रहना जनता के हित में नहीं है। प्रशासन से मांग की गई है कि संबंधित अधिकारी को तत्काल यहां से हटाया जाए अन्यथा यह आंदोलन अनिश्चितकालीन धरने में तब्दील किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। धरने के दौरान एक पीड़ित बुजुर्ग महिला ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि विद्युत कंपनी द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर अधिक रीडिंग बता रहे हैं और इस कारण बिल भी अधिक राशि के आ रहे हैं। जिससे आम उपभोक्ताओं को काफी आर्थिक परेशानी उठानी पड रही है। इस वृद्धा ने बताया कि उसने बिजली का बिल भरने के लिए अपनी पायल तक बेच दी। महिला उपभोक्ता ने बताया कि जब उसकी यह स्थिति है तो क्षेत्र के अन्य गरीब उपभोक्ता बिजली का बिल कैसे भरेंगे। एक बटन दबाते ही बिजली काटे जाने से कई घरों में अंधेरा छा गया है। युकां पदाधिकारियों ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारी का कहना है कि जो उपभोक्ता बिजली का बिल नहीं भरेंगे उनकी बिजली इसी तरह काटी जाएगी और यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस संबंध में कंपनी के डीई करण सिंह दोहरे एवं जेई पवन कोरी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात कार की टक्कर से गुमठी हुई क्षतिग्रस्त



त्योंदा। सोमवार को देर रात को त्योंदा में एक अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे रखी गुमठी को टक्कर मारते हुए 11 केव्ही के लोहे के खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसकी जानकारी लगने से पहले कार चालक वहां से भाग निकले।

### देवांश अग्निवीर में चयनित



गंजबासौदा। ग्राम हामिदपुर निवासी देवांश लोधी का अग्नि वीर में चयन हुआ है। देवांश के चयन से गांव एवं समाज का नाम रोशन हुआ है। चयन होने के पश्चात देवांश लोधी हैदराबाद के लिए रवाना हुए। जिस पर आलोक संघ के पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर देवांश लोधी का स्वागत कर उन्हे शुभकामनाएं दी।

## एकजुटता से होगा शिक्षकों का कल्याण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जब तक सभी शिक्षक संगठन एकजुट नहीं होंगे अपनी ढपली अपना राग अलापते रहेंगे। तब तक शिक्षकों को कुछ नहीं मिलेगा और शिक्षक संगठनों की व्यक्तिगत स्वार्थ की राजनीति का शिकार होते रहेंगे। शिक्षकों को संबोधित करते हुए शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि पूर्व में भी अवसरवादी संगठन की स्वार्थ की राजनीति के कारण राज्य शिक्षा सेवा में कार्यरत शिक्षक इसका शिकार हो चुके हैं। तब भी शिक्षक संगठन के स्वर्गीय आरिफ अंजुम ने कहा था कि हमारे साथ छलावा हुआ है लेकिन कुछ संगठनों ने उनकी बात नही सुनी और अध्यापकों को भ्रमित कर कहते रहे। परिणामस्वरूप आज उन स्वार्थी शिक्षक संगठनों की बदौलत ही हम शिक्षा विभाग में संविलियन से वंचित हो गये हैं और हमारी 20 वर्ष की वरिष्ठता चली गई। यहां तक कि प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता नहीं मानने के कारण हमारी छुट्टियां और अन्य मूलभूत अधिकारों का भी हनन किया जा रहा है। संगठन के जिला प्रवक्ता अमरसिंह तोमर, संजीव रघुवंशी ने कहा कि अलग अलग संगठनों द्वारा जो धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं उससे अध्यापकों का कभी भला नहीं होगा जब भी, जो भी मिलेगा हमारी एकजुटता से ही मिलेगा। विनोद श्रीवास्तव, नीलम रघुवंशी, लम्पूराम अहिरवार, दीपक नामदेव, अरूण पांडे, निर्भय सिंह, रामराज सिंह दांगी ने भी बैठक को संबोधित किया। सभी ने एक स्वर में शिक्षक संगठनों से मांग की है कि एकला चलो की नीति को छोड़कर सभी को एक साथ आना चाहिए तभी सभी शर्तो में सुधार संभव है।

## शाम को पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

न्यू ईयर को ध्यान में रखते हुए एसडीओपी शिखा भलावी के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में सिटी थाना पुलिस द्वारा शाम के समय नगर के मुख्य मार्गों से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मौके पर पुलिस थाने से, जय स्तंभ चौक, स्टेशन रोड, मील रोड होते हुए मुख्य मार्गों से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील नगरवासियों से की गई।

### क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से बह रहा पानी



गंजबासौदा। पुलिस थाने के सामने जल सप्लाई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है। जिससे पानी बहता रहता है। यहां के दुकानदारों ने बताया कि लगभग एक साल से पाइप लाइन फूटी हुई, जिससे नाली का पानी भी पाइप लाइन में चला जाता है घरों तक पहुंचता है। लोगों ने पाइप लाइन को ठीक करने की मांग की है।

### राज ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया



गंज बासौदा। विदिशा में आयोजित बेटलिफ्ट प्रतियोगिता में नगर के जिम इवॉल्व फिटनेस के सदस्य राज अग्रवाल ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में 195 किलोग्राम भार उठाकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। राज की इस सफलता पर उनके परिजनों, मित्रों एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## किसान के रुपए छीनने वाले को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को सुबह के समय नवीन बस स्टैंड पर दिनदहाड़े लूट की वारदात को एक युवक द्वारा अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक किसान खाद की बोरी लेने दुकान पर आया था। इसी दौरान युवक ने किसान से रुपऐ छीन लिए और मौके से फरार होने लगा। इस बीच आसपास मौजूद नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

### संवेदना पत्र भेंट कर दी श्रद्धांजलि



गंजबासौदा। पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्यगणों ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जसवंत सिंह रघुवंशी की माताजी कमला बाई रघुवंशी के निधन उपरांत उनके निज निवास पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित कर संवेदना पत्र भेंट किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सत्यपाल तनवानी, भागचंद वासवानी, नानक मामा, दिलीप मंगवानी, सुरेश तनवानी, प्रदीप खटवानी, किशोर उधाणी, दिलीप तनवानी, श्याम वाधवानी, राकू कटारिया, हशमत राय माधवानी, बेबू भाई मेहता, दीपक तनवानी, प्रकाश वाधवानी, अनिल वासवानी उपस्थित थे।

### नवांकुर की रासेयो इकाई का शिविर हो रहा आयोजित

# रासेयो के शिविर में पर्यावरण संरक्षण पर हुई चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के विशेष वार्षिक शिविर के पंचम दिवस पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि की भूमिका में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, विशेष अतिथि के रूप में पंचतत्व समिति के सदस्य राजेंद्र यादव, विजय अरोरा, विजय अग्रवाल, प्राइवेट स्कूल एसोसियन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी, राहुल यादव उपस्थित थे। मानसी यादव ने पर्यावरण संरक्षण पर भाषण दिया। विनायक गौर ने कविता मैं उस देश का नागरिक हूं प्रस्तुत की। ऋषिका रघुवंशी, अदिति लोधी ने नृत्य, सिद्धि अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण पंजाबी डांस गिद्दा जिसमें अवनी, सिद्धि, महिमा, प्रिंसी, नीलम आदि स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। अंशिका साहू और दिव्यांश सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव ने स्वयंसेवकों को अनुशासित, समर्पित और क्रियाशील बनने के लिए प्रेरित किया तथा ड्रग्स, दुर्व्यसनों, नशे से बचकर रहने की हिदायत दी। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने प्रेरक बातें बताईं तथा माता-पिता गुरु का सम्मान करने और अच्छा विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित किया। अभिषेक मिश्रा, बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में एसडीओपी शिखा भलावी शिविर में पधारी, जिनका बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा द्वारा सम्मान किया गया। एसडीओपी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम स्कूल में बहुत कुछ सीखते हैं, मोबाइल उपयोग करते समय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सावधानीपूर्वक उपयोग करें। पुलिस से डरने की आवश्यकता नहीं है, पुलिस आपकी दोस्त है। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा एसडीओपी से अनेक सवाल पूछे गए, जिनका जवाब एसडीओपी द्वारा देकर विद्यार्थियों को संतुष्ट किया गया। इस दौरान शर्मा और कनक दुबे द्वारा शिखा भलावी को आर्ट पेंटिंग भेंट की गई। मैडम द्वारा भी दोनों छात्राओं को भेंट प्रदान की गई। संदीप रावत ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने एसडीओपी को आभार पत्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। अंत में हम होंगे कामयाब गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## प्राइवेट एसोसिएशन के क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं वंदे मातरम क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 31 दिसम्बर से 4 जनवरी शीतकालीन अवकाश के दौरान एसजीएस खेल मैदान बरेठ रोड पर किया जा रहा है। 4 जनवरी को खेल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह एवं समापन समारोह आयोजित किया जायेगा। खेल प्रतियोगिता में नगर के हाई स्कूलों एवं हायर सेकंडरी स्कूलों की लगभग 20 टीमें भाग लेने जा रही हैं। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों, छात्र, छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि इस बार देश की बेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर देश का मान बढ़ाया है। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर की बेटियों को समर्पित किया जायेगा। विद्यालओं की छात्राओं की टीम के मैच से उद्घाटन किया जायेगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, एसडीओपी शिखा भलावी, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर पिंकी रघुवंशी के द्वारा किया जायेगा। इंटर स्कूल कंपटीशन टूर्नामेंट प्रभारी राहुल यादव ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता के आयोजन के पीछे हमारा उद्देश्य छात्र, छात्राओं को शीत कालीन अवकाश के दौरान मिले समय का सदुपयोग करना, खेल भावना का विकास, खिलाड़ियों को अनुशासन सिखाना, मोबाइल एडिक्शन और नशे आदि की लत से दूर रखना, खेलों से जोड़ना एवं छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। छात्र, छात्राओं में खेलों के प्रति जागरूकता एवं उत्साह पैदा करना और खेल भावना का विकास करना है। प्रतियोगिता निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए नगर के वरिष्ठ क्रिकेटरों यजुवेंद्र सिंह चौहान, आदित्य श्रीवास्तव, डेजी शर्मा, सुमित अग्रवाल, विजय शर्मा पीटीआई आशीष दुबे, रूद्र रिछारिया सहित सात सदस्यीय निर्णायक मंडल कमेटी गठित की गई है। जो सभी मैचों में अंतिम निर्णय लेंगे, जो सर्वमान्य होंगे। स्कूल एसोसिएशन संरक्षक शैलेंद्र दीक्षित, राजेश माथुर, केएस यादव, आरसी पाणिकर, प्रणय जैन, अखिलेश श्रीवास्तव, मनोज मोहन भावसार, रुपेश लाड़, रामकृष्ण रघुवंशी, अनिल श्रीवास्तव एवं मयंक शाह, जितेंद्र यादव, वेद प्रकाश शर्मा, राजेश राय माथुर, भारत सिंह मौर्य, सतीश मैथिल, जगदीश यादव, मनोज कुशवाहा, श्याम तिवारी, बृजेश राठौर, विपिन शर्मा, कैलाश कुशवाहा, गौरव समैया, संदीप यादव, अरुण श्रीवास्तव, गौरीशंकर दंडोतिया सहित सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# सांदीपनि विद्यालय के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय मंगलवार को वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया। वही कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी,वरिष्ठ भाजपा नेता तोषमणी पंथी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष मन मोहन साहू ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है।

वही बीईओ उमेश सोनी ने कहा कि विद्यार्थी वर्ग अपने जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए अनुशासन व मेहनत के बल पर उच्च मुकाम हासिल करने के लिए प्रयासरत रहे। इसके लिए विद्यार्थी को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि उनके अन्दर छिपी प्रतिभा आगे आ सके। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें नृत्य, संगीत, नाटक और समूह गान शामिल रहें। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वही कार्यक्रम के दौरान सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं एवं पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान स्कूल स्टॉफ एंव विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे।



### जिम्मेदारों की अनदेखी से आमजन को परेशानी, लोगों ने उठाई आवाज

# युवाओं व बुजुर्गों का एक मात्र आराम का सहारा प्रतीक्षालय देख-रेख के अभाव में बद से बदतर





लिए नागरिक आसपास की दुकानो का सहारा लेते नजर आते है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के कुरवाई रोड स्थित शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के बाहर मुख्य मार्ग पर मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड एमपीआरडीसी द्वारा बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय के हालात देखरेख के अभाव में बद से बदतर हो गए है। इन प्रतीक्षालय में न तो बैठने के लिए कुर्सीया बची है और न ही आम नागरिको व छात्रों को बारिश व धूप से बचने के लिए छत। यात्री प्रतीक्षालय के हालात खराब होने के कारण राहगीरों व महाविद्यालय के छात्रो व अभिभावको को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में महाविद्यालय में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने आने वाले अभिभावको को छांव की तलाश में यहां वहां भटकना पडता है। वहीं बारिश के मौसम में पानी से बचने के

**इनका कहना है**

अभी मुझे आए एक सप्ताह हुआ है में दिखवाता हूं मुझे अभी कुछ जानकारी नही है, देखने के बाद ही कुछ बता पाउंगा।

**एम.के जैन**, ए.जी.एम एमपीआरडीसी विदिशा।

## *सुबह 5 बजे से जोगिंग करने व टहलने जाते हैं युवा और बुजुर्ग*

*नगर के कुरवाई रोड पर यदि देखा जाए तो सुबह 5 बजें से बुजुर्ग व युवा जोगिंग करने व टहलने के लिए निकल जाते है। उक्त रोड पर जब इन प्रतीक्षालय का निर्माण हुआ तो बुजुर्गो व बच्चो में काफी खुशी देखी जाती है। जब काफी समय टहलने व दौड लगाने के बाद जब युवा व बुजुर्ग थक जाते थें। इन प्रतीक्षालय पर बैठकर आराम किया करते थें। लेकिन अब इन प्रतीक्षालयो के हालात ऐसे हो गए है यहा कोई बैठना भी पंसद नही करता। इनमें से एक प्रतीक्षालय को अज्ञात व्यक्तियो द्वारा पूरा टूडफोड दिया गया है। तो वही दूसरे प्रतीक्षालय की छत की चादर ही गायब हो चुकी है।*

# मुनिश्री 108 निरंजन सागर महाराज के मुखारबिंद से अभिषेक और शांतिधारा का समाजजनों ने लाभ लिया



**सिरोंज।** नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के सानिध्य में मंगलवार को अभिषेक शांतिधारा श्री पार्श्व नाथ जिनालय बड़ा मंदिर जी एवं पचखनी मंदिर जी में समय प्रातः 7:50 पर हुई। जिसमें प्रथम शांति धारा का सौभाग्य राजेश जैन,डॉक्टर राजीव जैन,रूपेश जैन,डॉ मोहित जैन टिंकल,रोहित जैन डॉक्टर परिवार को प्राप्त हुआ। वही द्वितीय शांति धारा का सौभाग्य दीपक जैन स्वर्णिम जैन बांसल परिवार को प्राप्त हुए उसके पश्चात सभी समाजजनो ने गुरुदेव की मंगल पूजन की एवं आचार्य श्री की पूजन कर अर्घ समर्पण किया। वही नव वर्ष पर 1 तारीख को नसिया जी पर संभावनाथ भगवान का अभिषेक शांति धारा का कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है। जिसमें गौशाला परिवार द्वारा सभी अवस्थाएं देखी जा रही है। इस मौके पर पूज्य गुरुदेव के मुखारविंद से अभिषेक शांति धारा से पुण्य लाभ प्राप्त कर सभी समाज जनो ने पुण्य का संचय किया एवं पूज्य गुरुदेव की मंगल आरती एवं पाद प्रक्षालन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ विदिशा के सचिव हरिहर की बेटी हनी सीए अवार्ड से सम्मानित



**सिरोंज।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ विदिशा के सचिव हरिहर चतुर्वेदी एवं श्रीमती नीता चतुर्वेदी की बेटी हनी चतुर्वेदी को सीए अवार्ड से सम्मानित किया गया। इंदौर में आयोजित दीक्षांत समारोह में वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के कर कमलों से 700 नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सीए की डिग्री दी गई। इस अवसर हनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा स्व राम नारायण चतुर्वेदी को देते हुए कहा कि जब दादाजी को बताया था कि मैं सीए की पढ़ाई करुंगी तभी उन्होंने आशीर्वाद देते हुए कहा था कि तुम्हें सफलता अवश्य मिलेगी और आशीर्वाद फलीभूत हुआ। इसमें ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एंव भारत स्काउट एंव गाइड के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने चतुर्वेदी की पुत्री हनी चतुर्वेदी का शुभकामनाएं दी।

## सड़क निर्माण व अटल ज्योति चालू कराने की मांग को लेकर एसडीएम को दिया आवेदन



**सिरोंज।** ग्राम कछपुरा का आंतरिक रोड डामर-सी.सी. को शीघ्र बनवाने व अटल ज्योति चालू करने की मांग को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत इकोदिया के ग्राम कछपुरा में ग्रामीणो ने तहसील कार्यालय पहुचकर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को आवेदन देते हुए कहा कि हमारे गाँव का आंतरिक रोड अभी भी कच्चा है जिस कारण हम समस्त ग्रामवासी व स्कूल में पढ़ने वाले बच्चो को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त सड़क की मांग विगत 10-15 वर्षों से की जा रही है। मगर शासन-प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं हा रहा है। साथ ही ग्राम में अटल ज्योति योजना चालू की जाए। वही उन्होने मांग करते हुए कहा कि शीघ्र ही ग्राम में रोड को पीडब्यूडी से पक्का निर्माण कराया जाए अन्यथा समस्त ग्रामवासी जन आंदोलन, चक्का जाम व लोकसभा, विधानसभा के चुनावो का निरंतर वहिष्कार करेगें। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## रघु इंटरनेशनल स्कूल में रंगों से सजाया गया सांस्कृतिक मंच



**लटेरी।** आनंदपुर स्थित रघु इंटरनेशनल स्कूल में रघु उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय परिवार के अध्यक्ष वेंकटेश्वर रघुवंशी ने की। विशिष्ट अतिथियों में विद्यालय के डायरेक्टर रमाशंकर रघुवंशी एवं ज्योति रघुवंशी मौजूद रहे। मंच पर महिषासुर वध, रामायण, महाभारत, श्रीकृष्ण की रासलीला, नारी शक्ति के साथ-साथ असम का बिहू नृत्य और राजस्थान का प्रसिद्ध घूमर प्रस्तुत किया गया। बच्चों की जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिन्हें तालियों की गूंज के साथ सराहा गया। समापन पर उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य पारस नागर ने बच्चों को इस स्तर तक तैयार करने के लिए शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके समर्पण की सराहना की।


### छात्राओं की दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

**शमशाबाद।** पीएमश्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। छात्राओं ने सामाजिक नाटक, मनमोहक नृत्य, प्रेरणादायी कवितां एवं मधुर गीत प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, शिक्षा के महत्व और नारी सशक्तिकरण का प्रभावी संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। प्राचार्य संजेश किरार एवं शिक्षकों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया और विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

### पुष्यमित्र शुंग और शुंग राजवंश से अंचल का ऐतिहासिक संबंध

# भगवान विष्णु के ग्यारसपुर में हिंडोला तोरण द्वार पर अंकित हैं 10 अवतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



विदिशा मप्र का ऐतिहासिक नगर ग्यारसपुर केवल मध्यकालीन मंदिरों के लिए ही नहीं, बल्कि प्राचीन भारतीय इतिहास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रखता है।

इतिहासकार गोविंद देवलिया ने बताया मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद स्थापित शुंग राजवंश और उसके संस्थापक पुष्यमित्र शुंग से इस क्षेत्र का गहरा ऐतिहासिक संबंध रहा है,पुष्यमित्र शुंग ने लगभग 185 ईसा पूर्व मौर्य वंश के अंतिम शासक बृहद्रथ का वध कर शुंग राजवंश की स्थापना की। उन्होंने पाटलिपुत्र को राजधानी बनाकर उत्तर भारत में एक सशक्त शासन व्यवस्था कायम की। वैदिक परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ उन्होंने कला, संस्कृति और स्थापत्य को भी बढ़ावा दिया।इतिहासकारों के अनुसार शुंग काल में विदिशा एक प्रमुख प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक केंद्र था। पुष्यमित्र शुंग के पुत्र अग्निमित्र शुंग विदिशा के शासक नियुक्त किए गए थे। ग्यारसपुर उस समय इसी प्रशासनिक व्यवस्था का अभिन्न अंग था, शुंग काल में विदिशा–ग्यारसपुर क्षेत्र धार्मिक और व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र रहा।

इसमें सांची स्तूप का विस्तार एवं पुनर्निर्माण हुआ, जो आज विश्व धरोहर के रूप में जाना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्यारसपुर और आसपास के क्षेत्रों में बाद के काल में विकसित हुई मंदिर स्थापत्य शैली की जड़ें शुंग कालीन कला परंपरा में ही निहित हैं,शुंग शासन ने इस क्षेत्र में धार्मिक सहिष्णुता, सांस्कृतिक विकास और प्रशासनिक स्थिरता प्रदान की। ग्यारसपुर का इतिहास केवल मध्यकाल तक सीमित नहीं है, बल्कि पुष्यमित्र शुंग और शुंग राजवंश के समय से ही यह क्षेत्र भारतीय सभ्यता और संस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है।

## सेवानिवृत शिक्षक को कार्यक्रम आयोजित कर दी विदाई



**लटेरी।** शासकीय माध्यमिक शाला बलरामपुर में पदस्थ शिक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीईओ वीरेन्द्र सिंह बघेल, भाजपा वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह बघेल उपस्थि रहे। इस दौरान संकुल के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने जगदीश प्रसाद शर्मा के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए लगनशील और कर्तव्य निष्ठा तथा स्पष्टवादी शिक्षक बताया। कार्यक्रम का संचालन राज नारायण पाराशर ने किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया, राजकुमार वघेल, महेन्द्र सिंह राजपूत, जितेन्द्र रघुवंशी, बीआरसी प्रमोद कुमार विश्वकर्मा सहित अनेक शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। विदाई समारोह के अंत में अजित सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मॉडल स्कूल में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

मंगलवार को शासकीय मॉडल स्कूल नटेरन में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, मनमोहक नृत्य, नाटक एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिन्हें अतिथियों एवं अभिभावकों ने खूब सराहा गया। वार्षिक परीक्षा, खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र छात्राओं को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के उत्साहवर्धन एवं सर्वांगीण मानसिक विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों में विद्यालय के प्रति लगाव बढ़ता है तथा वे शैक्षणिक के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

### गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

# वृद्ध माता-पिता बोझ नहीं, घर की नींव हैं: रेखा दीदी

**तनाव दूर करने और मानसिक स्वास्थ्य के लिए मेडिटेशन को महत्वपूर्ण बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान के अंतर्गत शासकीय गर्ल्स कॉलेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नंदिनी दीदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था की गतिविधियों की जानकारी देकर की। इसके बाद ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने नैतिक मूल्यों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में कुछ लोग बहला-फुसलाकर माता-पिता को वृद्धाश्रम छोड़ आते हैं, मानो वे कोई पुराना सामान हों। जबकि सच्चाई यह है कि हमारे बुजुर्ग घर की रौनक और नींव हैं वे हैं, तभी हम हैं।

रेखा दीदी ने हाल ही में विदिशा जिले की एक घटना का उल्लेख किया, जिसमें वृद्ध माता-पिता को बेटे-बहू द्वारा घर से निकाल दिया गया था। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हमें कलयुग के





उस श्रवण कुमार जैसा नहीं बनना है जो माता-पिता को सड़क पर छोड़ आए, बल्कि उस श्रवण कुमार जैसा बनना है जो उन्हें कंधों पर बैठाकर पूरी दुनिया घुमाए। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा ब्रह्माकुमारीज समाज सेवा प्रभाग के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत यह राष्ट्रीय पहल प्रारंभ की गई है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों का सशक्तिकरण और समाज में सम्मान व संवेदनशीलता बढ़ाना है।

इस संबंध में विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा शिक्षण संस्थानों को पत्र भी जारी किया गया है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य के लिए मेडिटेशन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को 10 मिनट का ध्यान अभ्यास कराया। डॉक्टर शांत जैन ने भी मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे। अंत में कॉलेज के आमिन अहमद ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# श्याम संकीर्तन परिवार के वार्षिकोत्सव पर नगर में निकली भव्य निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

श्याम संकीर्तन परिवार के चतुर्थ वार्षिकोत्सव के पावन अवसर पर खाटू श्याम बाबा की भव्य नगर निशान यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई।

निशान यात्रा का शुभारंभ खाटू श्याम मंदिर से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्ग मेला ग्राउंड, बस स्टैंड, शिवालय चौक, तहसील रोड, रामदेव मंदिर, मंडी रोड से होती हुई पुनः खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। निशान यात्रा में डीजे और ताशों की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए जय श्री श्याम के जयकारे लगाते चल रहे थे। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की आरती उतारकर एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर हो गया।

इस अवसर पर रामदेव मंदिर के पुजारी पंडित गौरीशंकर शर्मा, कथा वाचक पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री, भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, जनपद सदस्य सुरेश शर्मा, अंशुज शर्मा, जुगल चौकसे, रिंकू भार्गव सहित



अनेक नागरिक उपस्थित रहे। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु निशान यात्रा में शामिल होकर बाबा श्याम के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## सरकारी स्कूलों में फैल हुई जलमणि योजना, मरम्मत के लिए बजट का इंतजार

# सरकारी स्कूलों में करोड़ों के वॉटर प्यूरीफायर खराब, पीने के पानी के लिए भटक रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

केंद्र सरकार ने सरकारी प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में वॉटर प्यूरीफायर लगाने के लिए राज्य सरकार को करोड़ों रुपए दिए थे। स्कूल शिक्षा विभाग ने जलमणि योजना के तहत वर्ष 2010 में स्कूलों में वॉटर प्यूरीफायर लगवा दिए, लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में अधिकांश स्कूलों में वॉटर प्यूरीफायर खराब हो चुके हैं।

गौरतलब है कि वॉटर प्यूरीफायर लगाने की अवधि से 5 साल तक इनका रख-रखाव ठेकेदार कंपनी द्वारा किया जाना था, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान ही नहीं दिया और ये वॉटर प्यूरीफायर खराब हो गए हैं। इस कारण स्कूलों के विद्यार्थी पीने के पानी के लिए हैंडपंप के भरोसे हैं या पीने का पानी घर से बॉटल लेकर आते हैं।

बताया जा रहा है कि कई स्कूलों में तो ये फिल्टर एक-डेढ़ साल बाद ही बेकार हो गए थे। जिलों के दूर-दराज इलाकों में स्थित प्राइमरी स्कूलों में तो पानी की व्यवस्था ही नहीं है।

जिले की तहसीलो के सरकारी स्कूलों में पानी के इंतजाम के लिए जल जीवन मिशन ने काम शुरू करके उसे अधूरा छोड़ दिया गया।जिससे एक साल बाद भी सरकारी स्कूलों में छात्रों को पीने के पानी का इंतजाम नहीं हो पाया। स्कूलों में पानी की टंकी रखने के बाद ठेकेदार उसे पानी की व्यवस्था करना भूल गए। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा अब छात्र छात्राओं को उठाना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को पीने के पानी के लिए फिलहाल परेशान होना पड़ रहा है।

पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन की ओर से सरकारी स्कूलों में पानी की टंकी रखवाने के साथ ही पानी के पाइप लाइन फिटिंग का काम किया जाना था। उसके बाद स्कूल में छात्रों की सुविधा के लिए नल और प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाना था। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पानी की टंकी रखकर उसका कनेक्शन नहीं किया गया। वहीं कुछ स्थानों पर तो काम ही शुरू नहीं किया गया। निगरानी के अभाव में काम अधूरा पड़ा हुआ है। दूर दराज के गांव में संचालित स्कूलों में स्थिति अधिक खराब हो रही है।




### सरकारी योजनाओं को पलीता, टंकी में नहीं किए कनेक्शन

◆ आंगनबाड़ियों और स्कूलों में शो-पीस प्याऊ, नहीं हो रहा उपयोग, कहीं अब भी अधूरें रायसेन सिलवानी तहसील की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में प्याऊ व हैंड वॉशिंग बनाए जा रहे है। जिसको बने दो महीने से ज्यादा हो गए। वहीं कुछ आंगनबाड़ी, स्कूलों में आधे-अधूरे पड़े हुए है। महीनों बीत जाने के बाद भी इसे पूरी तरह चालू नहीं किया गया और आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में प्याऊ शो-पीस बने हुए है। जिसका कोई भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चे परेशान हैं।

### बेकार टॉयलेट के कारण बच्चियां छोड़ रहीं स्कूल

जिले के ज्यादातर सरकारी प्राइमरी, मिडिल स्कूलों में टॉयलेट की स्थिति ठीक नहीं है। ऐसी स्थिति में स्कूली छात्राएं स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर हैं। क्योंकि जो स्कूलों के टॉयलेट में जरूरी सुविधाएं होती हैं, वह उपलब्ध नहीं है। जिले के स्कूल शिक्षा विभाग ने दो महीने पहले जिले के 251 प्राइमरी और मिडिल स्कूलों की रिपोर्ट जारी की है। हालात ऐसे हैं कि 240 स्कूलों में टॉयलेट यूज करने लायक नहीं हैं। रायसेन जिले के सरकारी स्कूलों के टॉयलेट की हकीकत जानने के लिए हरिभूमि टीम ने रायसेन के ग्रामीण इलाकों में ग्राउंड रिपोर्ट की। यहां सरकार के दावों की पोल खुल गई।

#### व्यवस्था की गई है

स्कूलों में बैंकों के सहयोग और जनभागीदारी से प्यूरीफायर लगवाए जाते थे। केंद्र से जो राशि मिली, उससे काम हुआ होगा। लेकिन इस बार मप्र शासन ने स्कूलों में पानी की व्यवस्था के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया है। इसके लिए मरम्मत कराने बजट की व्यवस्था की गई है। स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था हो जाएगी, वाटर प्यूरीफायर की मरम्मत कराई जाएगी।

- **पीके रायकवार**, डीपीसी जिला शिक्षा केंद्र रायसेन।

## जिला अस्पताल में तंबाकू मुक्ति अभियान

# बीड़ी, सिगरेट व गुटका खाते मिले लोगों के बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को जिला अस्पताल में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे के मार्गदर्शन में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम द्वारा तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जागरुकता कार्यक्रम में डॉ एमडी भारती जिला नोडल अधिकारी फ्लोरोसिस एवं तम्बाकू नियंत्रण, नगर पालिका के एसआई शशिकांत एवं तम्बाकू नियंत्रण के काउंसलर सुनील नेविस, अस्पताल के सुपरवाइजर आशीष राठौर तथा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आमजन एवं मरीजों के अटेंडरों को तंबाकू से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य नुकसान, कैंसर, डेंटल फ्लोरोसिस, हृदय रोग एवं नशीली आदतों से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही अस्पताल परिसर में भर्ती मरीजों के जो अटेंडर तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट का उपयोग करते हुए पाए गए उनके विरूद्ध तम्बाकू नियंत्रण के अधिनियम 2003 की धारा 4,6(अ)/6(ब) के तहत चालानी कार्यवाही की गई।

टीम द्वारा ऐसे 13 लोगों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 1500 रूपये की राशि जमा कराई गई जिसे राज्य शासन के खाते में जमा कराया गया। साथ ही इन व्यक्तियों से प्राप्त वीडी, सिगरेट, गुटखा को जब्त कर डस्टबिन में फेंके गए।

## खबर संक्षेप

### प्रिंसटन कॉलेज द्वारा युवा खेल महोत्सव हुआ शुरू

**बरेली।** प्रिंसटन महाविद्यालय द्वारा सभी प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उत्साह वर्धन हेतु एवं शिक्षा के साथ खेल के महत्व को जानने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, यह प्रतियोगिताएं महाविद्यालय परिसर में ही संपन्न कराई जाएगी खेलों में प्रमुख रूप से क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन, जैवलिन थ्रो, डिस्को थ्रो, वॉलीबॉल, सॉफ्ट पुट ,को शामिल किया है। संस्था के संचालक ठाकुर महेंद्र सिंह का कहना है कि स्वस्थ शरीर सशक्त मन और उज्जवल भविष्य के संकल्प के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास अनुशासन एवं खेल कौशल को निखारने हेतु प्रिंसटन कॉलेज द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य बीएम मीणा द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई।

### बच्चे को बचाने में ट्रॉली के पीछे जा घुसी कार

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित फैक्ट्री चौराहा पर मंगलवार देर शाम को बच्चे को बचाने के चक्कर में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 04 सीएम 6404 अचानक सामने आए बच्चे को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई और सीधे ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे जा घुसी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं वाहन में सवार ड्राइवर को मामूली सी चोट आई है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### ट्रक में घुसे बाइक सवार, एक की मौत, एक गंभीर

**रायसेन।** जिले के उदयपुरा स्टेट हाईवे-44 पर बीती रात नायरा पेट्रोल पंप के पास कीर्तन से लौट रहे दो लोगों की बाइक सामने चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया। टीआई जयवंत काकोड़िया के मुताबिक सड़क हादसे में उदयपुरा के ब्रह्मा नगर निवासी प्रभुदयाल शर्मा (45) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नरहरा निवासी माधोदास बैरागी (70) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि दोनों बाइक सवार बौरास क्षेत्र में आयोजित कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होकर उदयपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान स्टेट हाईवे पर उनकी बाइक सामने चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई। टक्कर में बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलने पर उदयपुरा थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जबकि घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# 3 करोड़ का रोड दरारों से 2 महीने में ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर परिषद सांची के अंतर्गत आने वाला ग्राम काछी काना खेड़ा से ग्राम नागोरी से सांची को जोड़ने वाली करीब 3 करोड़ से बनी सड़क का निर्माण कार्य दो महीने लगभग पहले ही समाप्त हुआ है। इस सड़क का इतना घटिया निर्माण हुआ है कि यह दो महीने के अंदर ही जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है।

इस कमीशन खोरी के चक्कर में हर निर्माण कार्य को घटिया से घटिया करवाते हैं और वह कुछ दिनों में ही बनने वाले नए निर्माण कार्य साल भर के अंदर खत्म हो जाते हैं। सरकार हर संभव विकास के कार्य करने की कोशिश कर रही है, मगर जमीनी हकीकत जमीन पर आकर खत्म हो जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस घटिया सड़क निर्माण की शिकायत हमने अधिकारी, इंजीनियरों से की थी, मगर वह उल्टा हमको ही सबक देने लगते हैं। इन निर्माण कार्यों की शिकायत आप किसी से भी कर दो मगर कोई भी नहीं सुनता।

#### जानकारी नहीं

मुझे जानकारी नहीं है, यदि इस प्रकार का निर्माण कार्य है तो हम ठेकेदार को नोटिस जारी करके इंजीनियर से बात करते हैं कि मामला क्या है।

- **पप्पू रेवाराम**, अध्यक्ष नगर परिषद सांची।

#### इनका कहना है

निर्माण कार्य शुरुआत से ही घटिया हुआ है। एक दो बार मैंने सीएमओ और इंजीनियर को बोला भी था और उन्होंने मेरी बात को अनसुना कर दिया।

- **ओमप्रकाश कुशवाहा**, वार्ड पार्षद।

#### इनका कहना है

हमारी जानकारी में मामला अभी आया है, उस सड़क पर लोगों द्वारा जगह नहीं दी गई इसलिए उसकी साइडें नहीं भरी गई। हमने इंजीनियर को भेज कर जांच करवाई है।

- **रामलाल कुशवाहा**, सीएमओ नगर परिषद सांची।

# पुलिस ने सुलझाई युवक के अंधेकत्ल की गुत्थी, 6 आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के थाना सतलापुर क्षेत्र में हुए विवेक शर्मा के अंधे हत्याकांड का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार है।

जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर को थाना सतलापुर में विवेक शर्मा (उम्र 39 वर्ष) निवासी वर्तमान में नर्मदापुरम की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। विवेक शर्मा 26 दिसंबर को लोरका पिपलिया स्थित एक फार्महाउस पर दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था, जिसके बाद वह घर नहीं लौटा।

पुलिस को रातापानी जंगल क्षेत्र में विवेक शर्मा का मोबाइल फोन संदिग्ध अवस्था में मिला, जिससे मामला गंभीर हो गया। मृतक का शव अर्धनग्न अवस्था में चटटान के समीप पड़ा मिला था।

गठित पुलिस टीम ने घटना स्थल व आसपास के क्षेत्रों में गहन पूछताछ, मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तथा सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। जांच में सामने आया कि विवेक शर्मा की हत्या पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई थी। आरोपियों ने पहले उसे पार्टी के बहाने बुलाया, फिर गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में शव को अलग-अलग स्थानों पर छिपाने की कोशिश की। पूछताछ में मुख्य आरोपी बंटी फौजी उर्फ अमित जाट ने हत्या की बात स्वीकार की।

### यह आरोपी धराए

आरोपियों में बंटी फौजी उर्फ अमित जाट, राहुल साहू, नीरज सेन, रवि अवस्थी, गोलू लोधी उर्फ अर्जुन, गुमनाम सिंह उर्फ बबल यादव गिरफ्तार हो गए, जबकि नीरज मीणा फरार है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त वाहन, देशी पिस्टल/कट्टा, मोबाइल एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य जब्त किए हैं।

# भारत माता की आरती से गूंजा नगर हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

## आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 11 जनवरी को होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

■ जन-जागरण के लिए वार्डों में चल रहा संपर्क अभियान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे सकल हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला के अंतर्गत नगर में आगामी 11 जनवरी को एक भव्य सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और तैयारियां पूरे जोर-शोर से की जा रही हैं।

सम्मेलन में हिंदू समाज की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने तथा समाज में जागरूकता का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से नगर के प्रत्येक वार्ड में भारत माता की आरती का आयोजन किया जा रहा है। यह क्रम प्रतिदिन सायंकाल एवं रात्रि के समय वार्डों के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसरों अथवा अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हो रहा है। भव्य आरती के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत संगीत की स्वर लहरियों से वातावरण भक्तिमय हो उठता है।



भारत माता की आरती कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। कार्यक्रम में 11 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की जानकारी दे रहें हैं।

## भू-माफिया खुलकर कर रहे कालोनियों का निर्माण

# नए-नए स्थानों पर आकार ले रहीं अवैध कालोनियां, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

अवैध कॉलोनियों और कालोनाइजरों पर कार्यवाही के आदेश के बाद अभी तक किसी भी कालोनाइजरों पर मामले दर्ज नहीं हुए है, जिसके चलते नगर के आस-पास करीब 50 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां आकार ले चुकीं हैं और इतनी ही संख्या में कालोनियों को काटने की तैयारी चल रही है।

सहजपुर से लेकर गैरतपुर के बीच पाठा से लेकर धनगवां तक नगर परिषद कार्यालय के सामने और तहसील कार्यालय के पीछे भी कॉलोनी काटी जा रही हैं। भू-माफियाओं ने खेत और सरकारी जमीन पर कब्जा कर कॉलोनी काटकर प्लॉट बेच रहे हैं। इन कॉलोनी में न तो सड़क है न ही पानी और न ही बिजली उपलब्ध होती है।



भू-माफिया इन कॉलोनियों में प्लाट काटकर लोगों की जिंदगी भर की जमा पूंजी को ठगकर गायब हो जाते हैं और फिर नई जगह पर कॉलोनी काटना शुरू कर देते हैं।

इन कॉलोनियों में बने हुए मकानों में रहने वाले लोगों को हजार से दो हजार फीट दूरी से बिजली व्यवस्था करना पड़ती है।

### भू-माफियाओं पर नेता व प्रशासन मेहरबान

कुछ नेताओं की गहरी पकड़ और उनके संरक्षण में रहने वाले भू-माफियाओं पर प्रशासन मेहरबान है। वर्तमान में गैरतगंज क्षेत्र में करीब एक दर्जन अवैध कॉलोनियां आकार ले रहीं हैं। सड़क के दोनों तरफ अवैध कॉलोनाइजरों ने उचित दाम पर प्लाट उपलब्ध होने और कॉलोनी का नाम देकर बोर्ड लगा रखे हैं। भू-माफिया कॉलोनी में तमाम सुविधाओं का हवाला देकर लोगों की जमापूंजी को ठग लेते हैं।

खेतों की जमीन पर कटे प्लाट में लोग इनमें जब मकान बनाते हैं तब ना तो भवन बनाने की अनुमति मिलती है और न नामातंरण होता है। वहीं कुछ अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया भी चल रही है।

#### कार्रवाई होगी

अवैध कालोनियों और कालोनाइजरों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**नरेश सिंह राजपूत**, तहसीलदार गैरतगंज

## एक सप्ताह से नलों में पानी आने का इंतजार

# कड़ाके की जोरदार सर्दी में कस्बा खरगोन के रहवासी पानी के लिए हो रहे परेशान

### पीएचई द्वारा लगाए गए तीन ट्यूबवेलों पर लोगों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तहसील के सबसे बड़े ग्राम व्यापारिक केंद्र कस्बा खरगोन में पिछले एक सप्ताह से हजारों परिवार भीषण सर्दी में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। खरगोन की नल जल योजना में पानी की टंकी के साथ पीएचई द्वारा तीन ट्यूबवेल लगाए गए थे। इन ट्यूबवेलों पर ग्राम के लोगों द्वारा कब्जा करने की चर्चा बनी हुई है। पानी की किल्लत से ग्रामीणों में भारी असंतोष आक्रोश का माहौल बना हुआ है।



### एसडीम ने खुलवाया ताला

सोमवार को कस्बा खरगोन के निवासियों द्वारा एसडीम को पानी की बनी विकराल समस्या किल्लत के संबंध में बताया गया। एक ट्यूबवेल का ताला एसडीएम ने खुलवाया मंगलवार को घरों घर लगे नलों में सिर्फ आधा घंटा पानी आने के बाद पानी बंद हो गया कस्बा खरगोन के हजारों परिवार पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पीएचई विभाग के जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं। एसडीएम द्वारा ट्यूबवेल का ताला खुलवाने के बाद भी मंगलवार को ग्राम के हजारों परिवार पानी के लिए भारी परेशान बने रहे।

आखिरकार जो नल योजना के लिए पीएचई विभाग द्वारा तीन ट्यूबवेल लगवाए गए थे। भारी सर्दी के मौसम में जब पीने सहित अन्य उपयोग के लिए ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने की स्थिति बनी हुई है तो गर्मी के दिनों में क्या स्थिति होगी। पानी की समस्या से जूझ रहे खरगोन के निवासी आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं।

### कॉलेज चलो अभियानः शास. हाई सेकेंडरी में हुआ कार्यक्रम

**बरेली।** कालेज चलो अभियान अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर मध्यमिक विद्यालय में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से विधार्थीयों को अवगत कराया एवं महाविद्यालय में प्रवेश लेने प्रेरित किया।

महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी डॉ सुनील सिंह चौहान द्वारा विद्यार्थियों को ऑनलाईन प्रवेश रजिस्ट्रेशन, दस्तावेज संबंति जानकारी ई-प्रवेश पोर्टल की जानकारी दी गई। एसके बक्षी ने विद्यार्थियों के महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए शासन के लाभ एवं योजनाओं एवं महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। महाविद्यालय के प्रवेश संयोजक एवं सदस्य डॉ. वर्षा गौतम, डॉ. देवश्री बघमार, श्रीमति सुरभि प्रिया, योगेश धाकड़, डॉ. सुधांशु दुबे, अखिलेश खटीक तोमर ग्रंथपाल ने अपने-अपने विषयों की जानकारी विद्यार्थियों को साझा कर उनका मार्गदर्शन किया गया।

**कार्यालय नगर परिषद बाड़ी, जिला- रायसेन (म.प्र.)**
E-Mail-cmobadi@mpurban.gov.in

क्रमांक / 1797 / न.परि. / 2025 — बाड़ी, दिनांक 30.12.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय नगर परिषद् बाड़ी द्वारा निम्न लिखित सामग्री हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाइन बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर एंव कार्यालय से अवकाश के दिनों को छोड़कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | टेण्डर क्र.दिनांक | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_471346_1 | जल प्रदाय सामग्री। (संलग्न सूची अनुसार) | 10.00 लाख | 10000 | 2000 |
| 2 | 2025_UAD_471350_1 | टेन्ट सामग्री (संलग्न सूची अनुसार) | 10.00 लाख | 10000 | 2000 |

नोट :-
1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेंगा।
2. सरल क्रमांक 01,02 की दर दिनांक 29.12.2025 से 13.01.2026 तक क्रय की जावेगी।

**ममता धर्मेन्द्र चौहान** — अध्यक्ष, नगर परिषद बाड़ी, जिला- रायसेन
**सुरेश पाल** — उपाध्यक्ष, नगर परिषद बाड़ी, जिला- रायसेन
**ज्योति शिवहरे** — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बाड़ी, जिला- रायसेन